पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री के साथ जेवर, गौतमबुद्ध नगर में निर्माणाधीन नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण किया तथा कार्यों की समीक्षा की

## टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबन्धन, यातायात व्यवस्था और विभिन्न निर्माण गतिविधियों की वास्तविक प्रगति का अवलोकन किया

## नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट उ0प्र0 की महत्वाकांक्षी परियोजना, निर्माणाधीन कार्यों को तेज गति और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए : मुख्यमंत्री

## एयरपोर्ट के एयरोड्रम लाइसेंस की शीघ्र प्राप्ति हेतु ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी और सी0आई0एस0एफ0 अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी सुरक्षा मानकों को तत्काल पूर्ण किए जाने के निर्देश

## सिक्योरिटी क्लीयरेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए

## एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह की सभी तैयारियां समय से पूर्ण हों

**लखनऊ : 27 नवम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जेवर, गौतमबुद्ध नगर में निर्माणाधीन नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण किया उन्होंने टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबन्धन, यातायात व्यवस्था और विभिन्न निर्माण गतिविधियों की वास्तविक प्रगति का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री जी ने इसके उपरान्त, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू तथा सम्बन्धित उच्चाधिकारियों के साथ एयरपोर्ट के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने एयरपोर्ट के एयरोड्रम लाइसेंस की शीघ्र प्राप्ति हेतु ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी और सी0आई0एस0एफ0 अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी सुरक्षा मानकों को तत्काल पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी क्लीयरेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसलिए जहां भी सुरक्षा या अन्य कार्य शेष हैं, उन्हें तेज गति और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के विकास और वैश्विक निवेश की नई पहचान बनने जा रहा है। इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और विभागीय समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता पर होना चाहिए। एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

ज्ञातव्य है कि उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा, जिसकी वार्षिक यात्री क्षमता लगभग 1.2 करोड़ होगी। पूरी क्षमता पर विकसित होने पर जेवर एयरपोर्ट में कुल 05 रनवे होंगे, जिसका विस्तार 11,750 एकड़ तक होगा। यह एयरपोर्ट प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा, जो इसे विश्व के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल कर देगा।

इस अवसर पर लोक निर्माण राज्य मंत्री तथा जनपद गौतमबुद्ध नगर के प्रभारी मंत्री श्री बृजेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————